विषय कोड : 
Subject Code : **106/125/206/224**

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

# INTERMEDIATE EXAMINATION-2025

# इन्टरमीडिएट परीक्षा - 2025

## ( ANNUAL / वार्षिक )

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**B**

# HINDI (COMPULSORY)

# हिन्दी (अनिवार्य)

## I. Sc. & I. Com.

| | |
|---|---|
| कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106 | कुल मुद्रित पृष्ठ : 24 |
| **Total Questions : 100 + 6 = 106** | **Total Printed Pages : 24** |
| (समय : 3 घंटे 15 मिनट) | (पूर्णांक : 100) |
| [ Time : 3 Hours 15 Minutes ] | [ Full Marks : 100 ] |

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिए हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।*
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।*** *50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए* ***1 अंक*** *निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए* **OMR** *उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें।* ***किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।*** *प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें।** **50 × 1 = 50**

1. भगत सिंह को फाँसी किस वर्ष दी गयी ?

(A) 23 मार्च, 1931 ई० (B) 4 फरवरी, 1930 ई०

(C) 12 मार्च, 1931 ई० (D) 2 जनवरी, 1929 ई०

2. भगत सिंह के अनुसार प्रिंस क्रोपोटकिन किस विषय के विद्वान थे ?

(A) भूगोल के (B) अर्थशास्त्र के

(C) विज्ञान के (D) राजनीति विज्ञान के

3. निम्नलिखित में से किसे कालिदास अवार्ड से सम्मानित किया गया ?

(A) मोहन राकेश को (B) जयप्रकाश नारायण को

(C) जगदीशचंद्र माथुर को (D) बालकृष्ण भट्ट को

4. 'ओ सदानीरा' शीर्षक निबंध किस पुस्तक से उद्धृत है ?

(A) मेरी बाँसुरी से (B) बोलते क्षण से

(C) ओ मेरे सपने से (D) कोणार्क से



BiharboardQuestionpaper.com

5. चम्पारन आंदोलन में गाँधी जी के सलाहकार कौन थे ?

(A) परशुराम सिंह
(B) दीना पाठक
(C) हरवंस सहाय
(D) जगमल चौधरी

6. गोरखपुर जिले में गंडक नदी को क्या कहा जाता है ?

(A) बागमती नदी
(B) कोसी नदी
(C) कमला नदी
(D) नारायणी नदी

7. 1962 ई० में मोहन राकेश किस पत्र के संपादक रहे ?

(A) सारिका
(B) मतवाला
(C) अछूत समस्या
(D) विश्वप्रेम

8. 'वारिस' शीर्षक रचना के लेखक का नाम क्या है ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर
(B) मोहन राकेश
(C) उदय प्रकाश
(D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

9. 'सिपाही की माँ' शीर्षक एकांकी में कुंती कौन है ?

(A) मुन्नी की बहन
(B) मुन्नी की चाची
(C) बिशनी की पड़ोसन
(D) बिशनी की बहन

10. 'प्रगीत और समाज' शीर्षक पाठ हिंदी साहित्य की कौन विधा है ?

(A) कहानी
(B) संस्मरण
(C) रेखाचित्र
(D) निबंध



BiharboardQuestionpaper.com

11. 'स्वर वर्णों' की संख्या कितनी है ?

(A) ग्यारह (B) बारह

(C) तेरह (D) चौदह

12. निम्नलिखित में 'अघोष वर्ण' कौन है ?

(A) घ (B) झ

(C) ट (D) द

13. 'जहाँ लोगों का मिलन हो' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) सम्मेलन (B) समदर्शी

(C) समसामयिक (D) स्मरणीय

14. 'पाकेटमार' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय

(C) तत्पुरुष (D) द्विगु

15. 'साधुओं की संगति से बुद्धि सुधरती है' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदान कारक (B) संबंध कारक

(C) अपादान कारक (D) करण कारक

16. 'घर बसाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) विवाह करना (B) भटकना

(C) घर बेचना (D) सह जाना



BiharboardQuestionpaper.com

17. 'कृपा' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) कृपण
(B) कृपालु
(C) क्रीत
(D) क्रमिक

18. रामधारी सिंह दिनकर की पहली कविता पुस्तक 'प्रणभंग' जब प्रकाशित हुई, तब वे कितने वर्ष के थे ?

(A) 20 वर्ष के
(B) 21 वर्ष के
(C) 24 वर्ष के
(D) 26 वर्ष के

19. 'रोज' शीर्षक पाठ में पलंग के नीचे कौन गिर पड़ा ?

(A) पिंटू
(B) महेश्वर
(C) टिटी
(D) मालती

20. 'विपत्तियाँ व्यक्ति को पूर्ण बनाने वाली होती हैं' - यह कथन किसका है ?

(A) सुखदेव का
(B) लाला लाजपत राय का
(C) करतार सिंह सराभा का
(D) भगत सिंह का

21. 'जिन शब्दों के खण्ड सार्थक न हों' उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) रूढ़ शब्द
(B) यौगिक शब्द
(C) योगरूढ़ शब्द
(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

22. 'आम्र' शब्द क्या है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

23. 'ध्वनियों के मेल से बने सार्थक वर्णसमुदाय' को क्या कहते हैं ?

(A) संज्ञा (B) शब्द

(C) वचन (D) कारक

24. निम्नलिखित में से किसका रूपांतर नहीं होता है ?

(A) लिंग (B) वचन

(C) अव्यय (D) कारक

25. 'काल' के कितने भेद होते हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

26. 'उसने राघव को मारा था' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल का (B) भूतकाल का

(C) भविष्यत काल का (D) सामान्य भविष्यत काल का



BiharboardQuestionpaper.com

27. 'मोहन मुझसे किताब लिखवाता है' – किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) संयुक्त क्रिया (B) यौगिक क्रिया

(C) प्रेरणार्थक क्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

28. 'मैं' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निजवाचक (B) निश्चयवाचक

(C) संबंधवाचक (D) पुरुषवाचक

29. 'मैं आप ही चला जाऊँगा'– किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) अनिश्चयवाचक (B) संबंधवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) निजवाचक

30. 'हे भगवान ! मेरी रक्षा कीजिए' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संबोधन कारक (B) अपादान कारक

(C) संप्रदान कारक (D) अधिकरण कारक

31. 'कवर्ग' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) तालु (B) दंत

(C) मूर्द्धा (D) कंठ

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..

32. हिंदी में अनुनासिक वर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) छह (B) चार

(C) पाँच (D) सात



BiharboardQuestionpaper.com

33. 'संधि' के कितने भेद हैं ?

(A) तीन
(B) चार
(C) पाँच
(D) छह

34. 'निष्फल' का सही संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) निष + फल
(B) निः + फल
(C) निष्फ + फल
(D) नि + ष्फल

35. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) दिपिका
(B) प्रशाद
(C) नूपुर
(D) घनिष्ट

36. 'सोमवार' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) जातिवाचक
(B) गुणवाचक
(C) भाववाचक
(D) व्यक्तिवाचक

37. 'शब्द' की जाति को क्या कहते हैं ?

(A) लिंग
(B) वचन
(C) कारक
(D) संज्ञा

38. 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) इला
(B) मरीचि
(C) आगार
(D) बेसर



BiharboardQuestionpaper.com

39. 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या है ?

(A) कवियाईन (B) कवियत्री

(C) कवयित्री (D) कवियानी

40. 'वाक्य से अलग रहनेवाले शब्दों को' क्या कहते हैं ?

(A) पद (B) कारक

(C) अव्यय (D) शब्द

41. 'तनुज' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या है ?

(A) तनुजिन (B) तनुजा

(C) तनुजी (D) तनजी

42. 'दौलत' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

43. 'कलम' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

44. निम्नलिखित में 'पूर्णविराम चिह्न' कौन है ?

(A) , (B) ?

(C) । (D) " "



BiharboardQuestionpaper.com

45. निम्नलिखित में कौन शब्द अशुद्ध है ?

(A) शुद्धिकरण
(B) प्राप्ती
(C) महत्व
(D) एकत्र

46. 'संयम' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) सम् + यम
(B) सं + यम
(C) संय + म
(D) सन + यम

47. 'ड' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) ओष्ठ
(B) मूर्द्धा
(C) दंत
(D) कंठ

48. निम्नलिखित में 'उष्म व्यंजन' कौन है ?

(A) य
(B) छ
(C) श
(D) द

49. 'औ' वर्ण किस स्वर का उदाहरण है ?

(A) ह्रस्व
(B) दीर्घ
(C) संयुक्त
(D) प्लुत

50. 'ढ़' कौन व्यंजन है ?

(A) स्पर्श
(B) अंत:स्थ
(C) उष्म
(D) द्विगुण



BiharboardQuestionpaper.com

51. बालकृष्ण भट्ट किस युग के प्रमुख साहित्यकार हैं ?

(A) भारतेंदु युग के
(B) द्विवेदी युग के
(C) प्रगतिवाद युग के
(D) छायावाद युग के

52. 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी में पोल्हूराम कौन था ?

(A) चौकीदार
(B) डाक बाबू
(C) किसान
(D) सिपाही

53. लोकनायक के रूप में कौन प्रसिद्ध हुए ?

(A) महात्मा गाँधी
(B) लाला लाजपत राय
(C) जयप्रकाश नारायण
(D) सुभाषचंद्र बोस

54. जयप्रकाश नारायण के अनुसार सदानंदजी किस प्रेस के मालिक थे ?

(A) बंगाल गजट के
(B) हिंदी प्रदीप के
(C) दिनमान के
(D) फ्री प्रेस के

55. 'ब्रेन ऑफ बांबे' किसे कहा गया ? 'सम्पूर्ण क्रान्ति' शीर्षक पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

(A) सदानंद जी को
(B) उमाशंकर दीक्षित को
(C) बालगंगाधर तिलक को
(D) लाला लाजपत राय को



BiharboardQuestionpaper.com

56. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1916 ई०
(B) 1908 ई०
(C) 1904 ई०
(D) 1905 ई०

57. रामधारी सिंह दिनकर की पहली कविता कब प्रकाशित हुई ?

(A) 1924 ई० में
(B) 1925 ई० में
(C) 1922 ई० में
(D) 1926 ई० में

58. अपने जीवन के अंतिम दिनों में किसने नारीत्व की भी साधना की थी ?

(A) विनोबा भावे ने
(B) जयप्रकाश नारायण ने
(C) जवाहरलाल नेहरू ने
(D) महात्मा गाँधी ने

59. अज्ञेय जी ने नियमित लेखन कब शुरू किया ?

(A) 1918 ई० के बाद
(B) 1920 ई० के बाद
(C) 1930 ई० के बाद
(D) 1925 ई० के बाद

60. स्वाधीनता आंदोलन में उग्र और विद्रोही विचारधारा वाले एक क्रांतिकारी के रूप में किनकी भूमिका रही ? biharboardquestionpaper.com

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(B) उदय प्रकाश
(C) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(D) जे० कृष्णमूर्ति



BiharboardQuestionpaper.com

61. मलिक मुहम्मद जायसी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) दिल्ली में
(B) जायस में
(C) राजापुर में
(D) देहरादून में

62. 'जागिए, ब्रजराज कुँवर, कँवल-कुसुम फूले' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) छप्पय
(B) पद ( तुलसीदास )
(C) पद ( सूरदास )
(D) कवित्त

63. 'हनुमान बाहुक' नामक रचना कितने छंदों की है ?

(A) 44
(B) 45
(C) 46
(D) 47

64. तुलसीदास क्या पहनते थे ?

(A) पायजामा
(B) कौपीन
(C) धोती
(D) लुंगी

65. नाभादास का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1540 ई० ( अनुमानित )
(B) 1530 ई० ( अनुमानित )
(C) 1570 ई० ( अनुमानित )
(D) 1560 ई० ( अनुमानित )



BiharboardQuestionpaper.com

66. 'भक्तमाल' शीर्षक रचना में कितने छप्पय हैं ?

(A) 216
(B) 416
(C) 116
(D) 316

67. कवि भूषण के पिता का नाम क्या था ?

(A) रत्नाकर त्रिपाठी
(B) दिवाकर त्रिपाठी
(C) सियाराम त्रिपाठी
(D) जगमोहन त्रिपाठी

68. 'शिवा बावनी' शीर्षक रचना के कितने मुक्तकों में शिवाजी की वीरता का बखान किया गया है ?

(A) 50 मुक्तकों में
(B) 52 मुक्तकों में
(C) 51 मुक्तकों में
(D) 55 मुक्तकों में

69. 'बारिबाह' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) पानी
(B) कीचड़
(C) बादल
(D) धरती

70. 'प्रेम पथिक' शीर्षक रचना के रचनाकार कौन हैं ?

(A) रघुवीर सहाय
(B) अशोक वाजपेयी
(C) विनोद कुमार शुक्ल
(D) जयशंकर प्रसाद



BiharboardQuestionpaper.com

71. 'रस्सी का टुकड़ा' शीर्षक कहानी में मलांदे क्या काम करता था ?

(A) घोड़ों की काठी बनाने का
(B) पलंग बनाने का
(C) चारपाई बनाने का
(D) खिड़की बनाने का

72. 'पेशगी' शीर्षक कहानी में कारमेन को काम के कितने फ्रैंक मिलते थे ?

(A) 4000 प्रतिमाह
(B) 5000 प्रतिमाह
(C) 3000 प्रतिमाह
(D) 2000 प्रतिमाह

73. दूमीत्रिच चेरव्यकोव क्या देख रहा था ? 'क्लर्क की मौत' शीर्षक पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

(A) नाच
(B) जादू
(C) खेल
(D) सर्कस

74. ओमप्रकाश वाल्मीकि को 'परिवेश सम्मान' किस वर्ष प्राप्त हुआ ?

(A) 1997 ई०
(B) 1995 ई०
(C) 1994 ई०
(D) 1993 ई०

75. 'अब और नहीं' कविता संकलन किसके द्वारा रचित है ?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(B) नामवर सिंह
(C) जे० कृष्णमूर्ति
(D) उदय प्रकाश



BiharboardQuestionpaper.com

76. 'जूठन' शीर्षक पाठ में एक पशु की खाल कितने रुपए में बिकती थी ?

(A) पंद्रह रुपए में
(B) दस रुपए में
(C) बीस से पच्चीस रुपए में
(D) तीस रुपए में

77. 'तिरिछ' शीर्षक पाठ में बैंक के नेपाली चौकीदार का नाम क्या था ?

(A) रंजन
(B) थापा
(C) जगन
(D) राजन

78. सूरदास किस भाषा के महान कवि हैं ?

(A) मगही
(B) अवधी
(C) ब्रजभाषा
(D) हिंदी

79. 'कनियाँ' का अर्थ क्या होता है ?

(A) कंधा
(B) हाथ
(C) वधू
(D) गोद

80. तुलसीदास की माता का नाम क्या था ?

(A) हुलसी
(B) पार्वती
(C) माया
(D) विमला



BiharboardQuestionpaper.com

81. 'कामायनी' शीर्षक महाकाव्य का प्रकाशन किस वर्ष किया गया ?

(A) 1930 ई० (B) 1937 ई०

(C) 1936 ई० (D) 1938 ई०

82. जयशंकर प्रसाद किस युग के कवि थे ?

(A) द्विवेदी युग (B) भारतेंदु युग

(C) छायावादोत्तर युग (D) छायावाद युग

83. 'तुम खाओ' – यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) आज्ञावाचक (B) संकेतवाचक

(C) विस्मयवाचक (D) विधिवाचक

84. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) पशुओं का झुंड चारो ओर पानी की चाह में घूम रहा था ।

(B) किसी आदमी को भेज दो ।

(C) इस बात के कहने में किसी को संकोच न होगा ।

(D) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ ।

85. 'अग्नि' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) उन्नत (B) अल्प

(C) जल (D) मर्त्य



BiharboardQuestionpaper.com

86. 'घोड़े बेचकर सोना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(A) खत्म होना
(B) लज्जित होना
(C) वीरगति पाना
(D) बेफिक्र होना

87. 'वाक्य के उस भाग को, जिसमें एक से अधिक पद परस्पर संबद्ध होकर अर्थ तो देते हैं लेकिन पूरा अर्थ नहीं देते' क्या कहलाते हैं ?

(A) पदबंध
(B) सर्वनाम
(C) समास
(D) अव्यय

88. 'धार्मिक' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) एक
(B) इक
(C) मिक
(D) क

89. 'रंग' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) रंगर
(B) रंगीत
(C) रँगीला
(D) रंगु

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

90. 'दुराचार' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) दु
(B) दूर
(C) दुरा
(D) दुर



BiharboardQuestionpaper.com

91. 'बरवै रामायण' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) सूरदास की
(B) तुलसीदास की
(C) नाभादास की
(D) भूषण की

92. कवि नाभादास का स्थाई निवास कहाँ था ?

(A) काशी
(B) मथुरा
(C) वृंदावन
(D) प्रयाग

93. 'विशाख' शीर्षक नाटक रचित है

(A) अशोक वाजपेयी द्वारा
(B) रघुवीर सहाय द्वारा
(C) ज्ञानेंद्रपति द्वारा
(D) जयशंकर प्रसाद द्वारा

94. 'सभा का खेल' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान की
(B) विनोद कुमार शुक्ल की
(C) गजानन माधव मुक्तिबोध की
(D) अशोक वाजपेयी की

95. 'कवियों के कवि' किसे कहा गया है ?

(A) शमशेर बहादुर सिंह को
(B) नाभादास को
(C) ज्ञानेंद्रपति को
(D) रघुवीर सहाय को



BiharboardQuestionpaper.com

96. गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1917 ई० में
(B) 1921 ई० में
(C) 1915 ई० में
(D) 1916 ई० में

97. 'वे और नहीं होंगे जो मारे जाएँगे' शीर्षक निबंध किसकी रचना है ?

(A) मुक्तिबोध
(B) भूषण
(C) रघुवीर सहाय
(D) जयशंकर प्रसाद

98. 'अधिनायक' शीर्षक कविता में 'हरचरना' कौन है ?

(A) सैनिक
(B) गरीब लड़का
(C) शिक्षक
(D) चौकीदार

99. निम्नलिखित में कौन कवि इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय में एसोशिएट प्रोफेसर रहे थे ?

(A) विनोद कुमार शुक्ल
(B) रघुवीर सहाय
(C) अशोक बाजपेयी
(D) ज्ञानेंद्रपति

100. कवि भूषण को 'भूषण' की उपाधि किस राजा के द्वारा दी गयी थी ?

(A) राजा शिव सिंह द्वारा
(B) राजा रूद्रशाह के द्वारा
(C) राजा विक्रमादित्य द्वारा
(D) राजा राम सिंह द्वारा



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

   (i) जनसंख्या वृद्धि की समस्या

   (ii) पर्यावरण

   (iii) समय का महत्त्व

   (iv) स्वतंत्रता दिवस

   (v) खेल का महत्त्व

   (vi) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2 × 4 = 8

   (i) ''यह भी हमारी तरह गरीब आदमी है ।''

   (ii) ''कितने क्रूर समाज में रहे हैं हम, जहाँ श्रम का कोई मोल ही नहीं बल्कि निर्धनता को बरकरार रखने का षड़यंत्र ही था यह सब ।'' biharboardquestionpaper.com

   (iii) ''बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो ।''

   (iv) ''पूरब पश्चिम से आते हैं

   नंगे-बूचे नरकंकाल

   सिंहासन पर बैठा, उनके

   तमगे कौन लगाता है ।''



BiharboardQuestionpaper.com

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन पत्र लिखें, जिसमें विद्यालय के पुस्तकालय के लिए हिन्दी व्याकरण की पुस्तकें मँगाने का अनुरोध किया गया हो । 5

**अथवा**

अपने बड़ी बहन के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने मित्र के पास एक पत्र लिखें ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दें : $5 \times 2 = 10$

(i) 'आर्ट ऑफ कनवरसेशन' क्या है ?

(ii) दिनकर जी का निधन कहाँ और किन परिस्थितियों में हुआ था ?

(iii) नारी की पराधीनता कब से आरंभ हुई ?

(iv) विद्यार्थियों को राजनीति में भाग क्यों लेना चाहिए ? 'एक लेख और एक पत्र' शीर्षक पाठ के आधार पर लिखें ।

(v) 'धाँगड़' शब्द का क्या अर्थ है ?

(vi) चातकी किसके लिए तरसती है ? पठित कविता के आधार पर उत्तर दें ।

(vii) कवि मुक्तिबोध के अनुसार बँधी हुई मुट्ठियों का क्या लक्ष्य है ?

(viii) हरचरना कौन है ? उसकी क्या पहचान है ?

(ix) उत्सव कौन और क्यों मना रहें हैं ? 'हार-जीत' शीर्षक कविता के अनुसार लिखें ।

(x) पुत्र के लिए माँ क्या-क्या करती है ? 'पुत्र-वियोग' शीर्षक कविता के आधार पर लिखें ।



BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें : 3 × 5 = 15

(i) मनुष्य की बातचीत का उत्तम तरीका क्या हो सकता है ? इसके द्वारा वह कैसे अपने लिए सर्वथा नवीन संसार की रचना कर सकता है ?

(ii) 'लहना सिंह का दायित्व बोध और उसकी बुद्धि दोनों ही स्पृहणीय हैं ।' इस कथन की पुष्टि करें ।

(iii) अर्धनारीश्वर की कल्पना क्यों की गई होगी, और आज इसकी क्या सार्थकता है ?

(iv) गद्य कविता क्या है ? इसकी क्या विशेषताएँ हैं ? 'हार-जीत' शीर्षक कविता के आधार पर लिखें ।

(v) 'जन-जन का चेहरा एक' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें ।

(vi) तुलसीदास रचित प्रथम पद का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए ।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1 × 4 = 4

(i) क्रोध शान्ति भंग करने वाला मनोविकार है । एक का क्रोध दूसरे में भी क्रोध का ही संचार करता है । जिसके प्रति क्रोध प्रदर्शन होता है, वह तत्काल अपमान का अनुभव करता है और इस दुःख पर उसकी त्योरी भी चढ़ जाती है । यह विचार करने वाले बहुत थोड़े निकलते हैं कि हम पर जो क्रोध प्रकट किया जा रहा है, वह उचित है या अनुचित । इसी से धर्म, नीति और शिष्टाचार तीनों में क्रोध के विरोध का उपदेश पाया जाता है । संत लोग तो खलों के दुर्वचन सहते ही हैं ।



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) मनुष्य सुख की खोज में आदिकाल से रहा है । इसी की प्राप्ति उसके जीवन का सदैव मुख्य उद्देश्य रहा है । दुःख से वह इतना घबराता है कि इस जीवन में ही नहीं आनेवाले जीवन के लिए भी ऐसी व्यवस्था करना चाहता है कि वहाँ भी वह सुख का उपभोग कर सके । जन्नत और स्वर्ग, मोक्ष और निर्वाण सब उसकी आकांक्षाओं की रचनायें हैं । सुख प्राप्ति के लिए ही हमने जीवन को निःसार और संसार को अनित्य कहा है ।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com